दीक्षांत सप्ताह में व्याख्यान का किया आयोजन

GORAKHPUR (28 august): डीडीयू के 43वें दीक्षांत सप्ताह समारोह के अंतर्गत दर्शनशास्त्र विभाग ने 'भारतीय पुनर्जागरण' और 'श्री अरविन्द' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया. व्याख्यान में मुख्य वक्ता लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो. राकेश चन्द्रा रहे. उन्होने भारतीय पुनर्जागरण और श्री अरविन्द विषय के विविध आयामों पर प्रकाश डाला. व्याख्यान की अध्यक्षता डीडीयू दर्शनशास्त्र विभाग के एचओडी प्रो. द्वारका नाथ ने किया. उन्होंने विषय प्रवर्तन एवं अतिथि परिचय के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की. कार्यक्रम में डॉ. संजय कुमार राम, डॉ. रमेश चन्द, डॉ. संजय तिवारी, डॉ. दीपक गुप्ता और डॉ. प्रफुल्ल चंद समेत विभाग के शोधार्थियों एवं विद्यार्थी मौजूद रहे.